"हर काम देश के नाम"

# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

## O/o Controller General of Defence Accounts

Ulan Batar Road, Palam, Delhi Cantt.- 110010

दूरभाष: 011-25665742 फैक्स : 011-25674806, 25674821 ई-मेल: hindicell.cgda@nic.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**राजभाषा अनुभाग**

**विषय : कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक की दिनांक 02 सितम्बर, 2022 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

इस मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सितम्बर 2022 को समाप्त तिमाही की बैठक 02 सितम्बर, 2022 को 11:00 बजे श्री अविनाश दीक्षित, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा महानियंत्रक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में श्री राजेन्द्र प्रताप सिंह, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक, श्री साहिल गोयल, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक व श्री मोहन लाल मीना, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक के साथ निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :

| | |
|---|---|
| 1. | श्री मनोज कुमार भट्ट, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा एवं बजट) प्रश्न |
| 2. | श्री सतीश कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (पेंशन) |
| 3. | श्री अजय सेठ, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखापरीक्षा समन्वय) |
| 4. | श्री सुभाष चन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशासन-VIII) |
| 5. | श्री निहार रंजन, लेखा अधिकारी (ए.वि.स.) |
| 6. | श्री गिरीजेश कुमार, लेखा अधिकारी (प्रशिक्षण) |
| 7. | श्री प्रदीप कुमार, लेखा अधिकारी (प्रशासन-II) |
| 8. | श्री रंजीव कुमार, लेखा अधिकारी (प्रशासन-XI) |
| 9. | श्री कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव, सदस्य सचिव (राजभाषा) |
| 10. | श्रीमती काकोली दत्ता, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 11. | श्रीमती रुचिता सहाय ,वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 12. | श्रीमति वाइलेट खैलख़ो, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 13. | श्री रवि कुमार, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 14. | श्री अरविन्द, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |
| 15. | सुश्री प्रज्ञा कुमारी, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी |

सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय एवं अन्य सदस्यों के स्वागत के उपरांत बैठक की कार्रवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्नलिखित महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1 : दिनांक 06 जुलाई, 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :**

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पिछली बैठक दिनांक 06 जुलाई, 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त और सूचना बिन्दु अपेक्षित कार्रवाई के लिए सभी संबंधित सदस्यों को जारी कर दिए गए थे। कार्यवृत्त के संबंध में किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि मान ली गई।

**मद सं. 2 : पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई:**

पिछली तिमाही बैठक के दौरान यह निर्देश दिया गया था कि 'स्पर्श पोर्टल' पर उपलब्ध सूचनाओं को द्विभाषी किया जाए।

इस बैठक के दौरान रक्षा लेखा महानियंत्रक महोदय को अवगत कराया गया कि 'स्पर्श पोर्टल' पर उपलब्ध सूचनाओं को द्विभाषी कर दिया गया है जिसका 'लाइव डेमो' (Live Demo) बैठक के दौरान दिखाया गया। महानियंत्रक महोदय ने विभाग की अन्य वेबसाइटों के द्विभाषी होने की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान महानियंत्रक महोदय ने रक्षा लेखा महानियंत्रक एवं रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.), जयपुर की वेबसाइटों का भी अवलोकन किया और पाया कि ये दोनो द्विभाषी हैं।

**मद सं. 3: दिसम्बर, 2021 तथा मार्च, 2022 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा:**

सदस्य सचिव ने दिसम्बर, 2021 तथा मार्च, 2022 की तिमाहियों के हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित रिपोर्टों के आंकड़े समिति के समक्ष प्रस्तुत किए।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि चूंकि यह कार्यालय 'क' क्षेत्र में स्थित है, अतः हमें अपना सभी पत्राचार हिंदी में ही करना चाहिए जिससे कि राजभाषा को बढ़ावा दिया जा सके। इसके लिए अध्यक्ष महोदय ने सुझाव दिया कि यदि हम कम्प्यूटर में कार्य करते समय ट्रांसलिटरेशन (Transliteration) का प्रयोग करें तो इससे हिन्दी पत्राचार में काफी बढ़ोतरी हो जाएगी तथा साथ ही यह भी कहा कि प्रयोग के तौर पर पहले लेखापरीक्षा अनुभाग, लेखा एवं बजट अनुभाग तथा एकीकृत वित्तिय सलाह स्कंध के एक-एक कंप्यूटर में केवल हिन्दी में काम किए जाएं तथा उस दौरान अंग्रेजी फॉन्ट (Font) का प्रयोग नहीं किया जाए और यदि संभव हो तो अंग्रेजी फॉन्ट (Font) को हटाया जा सकता है।

**[कार्रवाई : लेखापरीक्षा अनुभाग, लेखा एवं बजट अनुभाग, एकीकृत वित्तिय सलाह स्कंध तथा राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं. 4 : हिन्दी प्रशिक्षण की स्थिति:**

मुख्यालय में तैनात 26 लिपिकों में से 09 लिपिकों को हिंदी टंकण का ज्ञान है। फरवरी सत्र में पत्राचार द्वारा 02 लिपिकों ने राजभाषा अनुभाग में हिंदी टंकण का प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है तथा उनका परीक्षा परिणाम प्रतीक्षित है। अगस्त से आरंभ होने वाले सत्र के लिए 06 कार्मिकों को नामित किया गया था लेकिन केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान ने सूचित किया है कि अगस्त, 2022 से आरम्भ होने वाले सत्र में स्लॉट रिक्त ना होने के कारण उन्हें फरवरी, 2023 से शुरू होने वाले सत्र में पंजीकृत किया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने इस पर अपनी सहमति जताई।

**[कार्रवाई : राजभाषा अनुभाग(स्थानीय)]**

**मद सं. 5 : <u>हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन:</u>**

सितम्बर माह में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राजभाषा से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह में इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे और मुख्यालय की हिन्दी पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती ' का विमोचन करने का प्रस्ताव है।

अध्यक्ष महोदय ने जानना चाहा कि पत्रिका के लिए प्रविष्टियों की क्या स्थिति है?

सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि पत्रिका के लिए रचनाएं आ गई हैं तथा समिति के सदस्यों द्वारा रचनाओं के चयन का कार्य पूरा हो चुका है और इसे समय पर पूरा कर हिन्दी पखवाड़ा पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान इसका विमोचन किया जाएगा।

**मद सं. 6 : <u>रक्षा लेखा विभाग में हिन्दी पदों की स्थिति:</u>**

सदस्य सचिव द्वारा विभाग में हिन्दी संवर्गीय पदों की निम्नलिखित वर्तमान स्थिति समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई:

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| सहायक निदेशक(राजभाषा) | 37 | 4 | 33 |
| वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 35 | 35 | - |
| कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी | 70 | 70 | - |

(क) सहायक निदेशक (राजभाषा) के 33 पद रिक्त हैं। सहायक निदेशक (राजभाषा) की पदोन्नति से संबंधित "deemed abolished" पदों के revival हेतु डीपीसी प्रस्ताव प्रशासन-8 के द्वारा रक्षा मंत्रालय को दिनांक 21 जुलाई, 2022 को भेजा गया था जो कि कुछ आपत्तियों के साथ वापस आ गया है।

(ख) रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की संवर्ग समीक्षा एवं हिंदी पदों के सृजन हेतु प्रशासन अनुभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। रक्षा लेखा महानियंत्रक के अनुमोदन से दिनांक 30.03.2022 को ग्रुप 'बी' तथा 'सी' के लिए प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय को भेजा गया है। ग्रुप 'ए' के हिन्दी पदों की संवर्ग समीक्षा करने हेतु एक समिति का गठन किया गया है।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि सहायक निदेशक (राजभाषा) की प्रोन्नति के लिए प्राथमिकता के आधार पर उचित कार्रवाई करें।

**[कार्रवाई : प्रशासन-II/VIII अनुभाग (स्थानीय)]**

**मद सं .7 : <u>मुख्यालय द्वारा प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों का राजभाषा निरीक्षण:</u>**

मुख्यालय द्वारा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक और नियंत्रक कार्यालयों के राजभाषा निरीक्षण से संबंधित वर्ष 2022-23 का वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम सक्षम प्राधिकारी के द्वारा अनुमोदित किया जा चुका है। इसमें 10 कार्यालयों का निरीक्षण प्रस्तावित है।

अध्यक्ष महोदय ने जानना चाहा कि मुख्यालय कार्यालय से राजभाषा निरीक्षण के अतिरिक्त अन्य निरीक्षणों में भी क्या राजभाषा से संबंधित कार्यों का निरीक्षण किया जाता है। यदि नहीं तो निरीक्षण के दौरान राजभाषा से संबंधित मदों का भी निरीक्षण किया जाना चाहिए।

**[कार्रवाई : निरीक्षण कक्ष एवं राजभाषा अनुभाग(स्थानीय)]**

मद सं. 8 : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11वीं बैठक:

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 11वीं बैठक दिनांक 08-08-2022 को आयोजित हुई। बैठक में मुख्यालय के प्रतिनिधि के रूप में श्री मोहन लाल मीना, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक (प्रशा.) ने भाग लिया। सदस्य सचिव ने सूचित किया कि **रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय को उत्कृष्ट कार्यालयों की श्रेणी में रखा गया है।**

इस पर अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट किया।

मद सं. 9 : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय:

अध्यक्ष महोदय ने जानना चाहा यदि ई-ऑफिस में हिन्दी में कार्य करने में व्यावहारिक दृष्टि से कोई परेशानी है तो इसका समाधान किया जाए।

[कार्रवाई : सू.प्रौ. एवं प्र./राजभाषा अनुभाग (स्थानीय)]

अंत में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

(कुमार सत्यप्रिय श्रीवास्तव)
लेखा अधिकारी (राजभाषा अनुभाग)